# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात** **दिनांक- 13.06.2025**

❖ **महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही।**

❖ **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

❖ **थाना मंगलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 01/2025 धारा 70(2)/137(2)/115(2) बीएनएस व 5जी/6 पॉक्सो एक्ट में वांछित था अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेंज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के कुशल निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 01.01.2025 को थाना मंगलपुर पर वादिनी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 01/2025 धारा 137(2)/75(2)/115(2) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट बनाम 01 नफर नामजद अभियुक्त अमित उर्फ अनुज पुत्र बेटा उर्फ शिवकुमार निवासी ग्राम पल्हनापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्तगण 1. महेन्द्र प्रताप पुत्र बलवान सिंह निवासीगण ग्राम पल्हनापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात 2. रणवीर सिंह उर्फ रणधीर सिंह पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम भयामऊ थाना मंगलपुर कानपुर देहात के नाम प्रकाश में आये तथा मुकदमा उपरोक्त को धारा 70(2)/137(2)/115(2) बीएनएस व 5जी/6 पाक्सो एक्ट में तरमीम किया गया। अभियुक्त अमित उपरोक्त को पूर्व में दिनांक 09.01.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 13.06.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त महेन्द्र प्रताप पुत्र बलवान सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम पल्हनापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को समय करीब 10.15 बजे अभियुक्त के घर से गिरफ्तार किया गया तथा शेष 01 नफर वांछित अभियुक्त रणवीर सिंह उर्फ रणधीर सिंह पुत्र हुकुम सिंह निवासी ग्राम भयामऊ थाना मंगलपुर कानपुर देहात की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे है, शीघ्र ही शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण-**

1. महेन्द्र प्रताप पुत्र बलवान सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम पल्हनापुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**अभियुक्त महेन्द्र उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0स0 01/2025 धारा 70(2)/137(2)/115(2) बीएनएस व 5जी/6 पॉक्सो एक्ट थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात ।
2. मु0अ0स0 92/2024 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

**गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार गुप्ता
2. म0हे0का0 196 सरिता यादव
3. कां0 56 दिग्विजय सिंह